Result of State Level Competition (Declamation) held on 18.1.16. held at DMM, KKR

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | Aarti Bansal - | First — | H.K.M.V. Jind. |
| 2. | Mandeep. — | Second — | University College Kurukshetra |
| 3. | Jyoti — | Third — | D.G.B. Govt College. Panipat |
| | Sonam | Third | Govt College. Ambala Cantt |

Payal Anand Chaudhary.

Kalpana.

Scanned with CamScanner

# रिपोर्ट

दयानन्द महिला महाविद्यालय में दिनांक 18.01.2016 को जिला स्वीप कोर कमेटी द्वारा महाविद्यालय की स्वीप यूनिट एवं कानूनी साक्षरता प्रकोष्ठ के सहयोग से—"प्रजातन्त्र की जान — मत, मतदाता और मतदान" विषय पर राज्यस्तरीय भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें जिलास्तर पर विजयी 18 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य चुनाव अधिकारी, हरियाणा, श्री श्रीकांत वालगद जी, एवं विशिष्ट अतिथि उप-चुनाव अधिकारी, श्री महेश्वर शर्मा जी, उपायुक्त-श्री रजनी-कान्तन, नगराधीश- डॉ पूजा भारती तथा दयानन्द महिला महाविद्यालय प्रबन्धक समिति के अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद, राज्य सभा डॉ० रामप्रकाश जी उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्जवलित करके किया गया।

प्राचार्या, डॉ० (श्रीमती) विजय लक्ष्मी सिंह जी ने मुख्य अतिथि एवं अन्य व अन्य अतिथियों का स्वागत किया तथा मत और मतदान की उपयोगिता के बारे में बताया। डॉ० रामप्रकाश जी ने अपने सम्बोधन में भारत को विश्वविख्यात लोकतांत्रिक देश बताते हुए कहा कि मतों का खरीदना व बेचना बंद होना चाहिए और मतदान को अपना पुनीत कर्तव्य मानना चाहिए।

उप-चुनाव अधिकारी, श्री महेश्वर शर्मा जी ने हमें एक सशक्त नागरिक के मतदान से सम्बन्धित पात्रता की महत्वपूर्ण शर्तें बताई। मुख्य चुनाव अधिकारी श्री श्रीकांत वालगद जी ने चुनाव प्रक्रिया के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने बताया कि एक व्यक्ति को अपने जीवनकाल में जब भी मतदान का अवसर मिले, उसे ईमानदारी से अपना पूरा योगदान देना चाहिए ताकि एक सशक्त भारत का निर्माण हो पाए।

निर्णायक मंडल के तौर पर श्री लांगयान जी (पूर्व उपायुक्त), श्रीमती कल्पना पूनिया एवं श्रीमती पायल आनन्द स्वीप नोडल अधिकारी रहे। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर आरती बंसल, द्वितीय स्थान पर मंदीप तथा तृतीय स्थान ~~सूद~~ सोनम और ज्योति को संयुक्त रूप से प्राप्त हुआ।

P.T.O.

Scanned with CamScanner

अंत में उपायुक्त, श्री जी० सी० रजनीकांतन जी ने सभी अतिथियों व प्रतिभागियों को धन्यवाद किया। मंच का संचालन श्रीमती सपना मलिक ने किया। महाविद्यालय की स्वीप कमेटी के सदस्य श्रीमती संतोष, श्रीमती रीना व श्रीमती भानुप्रिया उपस्थित थे।

Payal
Malik
18/1/16

Scanned with CamScanner

**Report of Inter College Declamation competition (State level) held on 18.01.2016 at Dayanand Mahila Mahavidyalaya Kurukshetra organised by SVEEP Cell**

On 18 January, 2016, a district level Declamation competition was organised by SVEEP cell of the college in which 18 students from different colleges of the district participated. Mr Shrikant balgad (Chief Election Officer of Haryana) was the chief guest on this occasion. R.B. Langyaan, Dr. Payal and Dr. Kalpana Punia played the role of judges.

The results of competition were as follow:

- First prize: Arti Bansal (Jind)
- Second prize: Mandeep (University College, Kurukshetra)
- Third prize: Soman (Government College, Ambala) and Jyoti (Government College, Panipat)

Scanned with CamScanner

दैनिक भास्कर - 19/1/2016


**वाद-विवाद** कुरुक्षेत्र में हुई राज्यस्तरीय प्रतियोगिता का मुख्य चुनाव अधिकारी श्रीकांत वाल्गद ने किया शुभारंभ

# जिलों के ब्रांड एम्बेसडर होंगे राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के प्रतिभागी

भास्कर न्यूज़ | कुरुक्षेत्र

**निर्वाचन** आयोग द्वारा कुरुक्षेत्र में छठे राष्ट्रीय मतदाता दिवस के उपलक्ष्य में राज्यस्तरीय वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। हरियाणा के मुख्य चुनाव अधिकारी श्रीकांत वाल्गद मुख्यातिथि रहे। कहा कि राज्य स्तरीय वाद-विवाद प्रतियोगिता के सभी प्रतिभागियों ने लोकतंत्र की जान, मत, मतदाता और मतदान विषय पर सटीक और उम्दा प्रस्तुति दी।

इन सभी प्रतिभागियों को अपने-अपने जिलों में जल्द ही मतदाता जागरुकता कार्यक्रम में ब्रांड एंबेसडर बनाया जाएगा। सोमवार को दयानंद महा-विद्यालय के सभागार में उक्त प्रतियोगिता हुई। इससे पहले सीईओ श्रीकांत वाल्गद, एसीईओ महेश्वर शर्मा, उपायुक्त सीजी रजनीकांतन, सीटीएम डा. पूजा भारती, डीएन कालेज प्रबंधन समिति के अध्यक्ष डा. रामप्रकाश ने दीप प्रज्वलित कर विधिवत कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में विभिन्न जिलों से 14 प्रतिभागियों ने लोकतंत्र की जान, मत, मतदाता और मतदान विषय पर अपनी प्रस्तुति दी।




कुरुक्षेत्र | वाद-विवाद प्रतियागिता में विचार रखते मुख्य अतिथि हरियाणा के मुख्य चुनाव अधिकारी श्रीकांत वाल्गद।

**जींद की आरती जीती :** इस प्रस्तुति पर निर्णायक मंडल में शामिल डा. आरबी लांग्यान, डा. पायल व डा. 'कल्पना पूनिया ने जींद की आरती बंसल को प्रथम घोषित किया। इसके अलावा यूनिवर्सिटी कालेज कुरुक्षेत्र के छात्र मंदीप को द्वितीय, राजकीय कालेज अम्बाला की सोमन व पानीपत राजकीय कालेज की ज्योति संयुक्त तौर पर तीसरे स्थान पर रही। इन सभी प्रतिभागियों को शीघ्र ही पंचकूला में राज्य स्तरीय कार्यक्रम में राज्यपाल प्रोफेसर कप्तान सिंह सोलंकी सम्मानित करेंगे।

**ब्रांड एंबेसडर के तौर पर करेंगे जागरूक :** सीईओ श्रीकांत वाल्गद ने कहा कि प्रतिभागियों ने विषय वस्तु पर उम्मीद से ज्यादा तथ्यों को अपने विचारों में शामिल किया है। इसलिए इन प्रतिभागियों को वोटर ऐजुकेशन प्रोग्राम में अपने-अपने जिलों ब्रांड एम्बेसडर का कार्य देंगे। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मत, मतदाता और मतदान को लेकर माहौल बदलने लगा है।

मतदाता अब जागरूक हो चुके हैं। इसलिए लोगों को अपने जीवन में छह या सात बार वाट डालने के अवसर को नहीं गंवाना नहीं चाहिंए।

## ऑनलाइन वोटिंग भी होगी कभी संभव

प्रतिभागियों ने विचार रखे कि अब डिजिटल युग आ चुका है। ऐसे में वोटिंग भी ऑनलाइन करनी चाहिए। जिस पर श्रीकांत ने उन्होंने कहा कि अब युवाओं की मतदाता पंजीकरण और मतदान में भागीदारी बढ़ रही है। डिज़िटलाइजेशन का युग आ रहा है, निश्चित ही तकनीकी का विस्तार होगा। ऐसे में आन लाइन वोटिंग की संभावना से भी इंकार नहीं किया जा सकता। अतिरिक्त मुख्य चुनाव अधिकारी महेश्वर शर्मा ने कहा कि तकनीकी रूप से मतदाता सूची में सभी को अपना नाम पंजीकरण जरूरी है।

## लोग अपने कर्तव्य निभाएं : डॉ. रामप्रकाश

डीएन कालेज प्रबंधक समिति के अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद डा. रामप्रकाश ने कहा कि भारत अपनी लोकतांत्रिक पद्धति के लिए विश्व विख्यात हैं। लोगों को अपना कर्तव्य समझना चाहिए और प्रशासन का सहयोग करना चाहिए। कालेज के प्रिंसिपल डा. विजय लक्ष्मी ने मेहमानों का स्वागत किया। डीसी सीजी रजनीकांतन, नगराधीश डा. पूंजा भारती, एसडीएम थानेसर सतबीर कुंडू, तहसीलदार चुनाव राजकुमार, कानूनगो महा सिंह, सरबजीत सिंह आदि ने भी विचार रखे।

Scanned with CamScanner

Session: 2015-16

18.01.2016

(State Level Declamation Competition)







Scanned with CamScanner